दिनांक – 07.10.2025 को आहूत क्रय समिति की बैठक का कार्यवृत

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्रांक सं – 1510, दिनांक – 30.07.2025 से प्राप्त निदेश के आलोक में एवं श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बांका के आदेश सं – 57, दिनांक -26.03.2025 के द्वारा गठित जिला विधिक सेवा प्राधिकार क्रय समिति द्वारा श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका के पत्रांक – 436, दिनांक – 07.10.2025 के आलोक में आज दिनांक 07.10.2025 को 04:35 P.M बजे क्रय समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमे क्रय समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

उपस्थिति :-

1. श्री अभिषेक कुमार भान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश- प्रथम, बांका	:-	अध्यक्ष, क्रय समिति जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका
2. श्री शैलेन्द्र कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बांका	:-	सदस्य, क्रय समिति जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका
3. श्री राजेश कुमार सिंह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका	:-	सदस्य, क्रय समिति जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका
4. श्री विजय कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सह नोडल पदाधिकारी, बांका	:-	सदस्य, क्रय समिति जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका

क्रय समिति के सभी सदस्यों द्वारा सम्यक विचारोपरांत यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्थायी लोक अदालत के क्रियान्वयन हेतु ऑफिस टेबल - 3, ऑफिस चेयर (मेम्बर)- 4, ऑफिस चेयर (चेयरमैन) -2, ऑफिस चेयर (क्लर्क) – 1, ऑफिस चेयर – 10, तौलिया (चेयर हेतु) – 6 एवं पर्दा (दरवाजा / खिड़की) – 4 के आपूर्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

क्रय समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि उपरोक्त वर्णित सामग्री के क्रय एवं आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ताओं, GEM पोर्टल एवं आम सूचना के द्वारा कोटेशन आमंत्रित करने हेतु कृष्ण कुमार पाण्डेय, सहायक, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका एवं सिस्टम ऑफिसर, व्यवहार न्यायालय, बांका को अधिकृत किया जा सकता है एवं इस निर्णय की प्रति श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय को प्रेषित करने, व्यवहार न्यायालय, बांका के वेबसाइट पर अपलोड करने एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करने का निर्णय लिया जाता है तथा दिनांक 14.10.2025 को 04:30 P.M बजे तक सारे कोटेशन क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निदेश दिया जाता है।

07/10/25	R.K.Singh 07/10/2025	07/10/25	A.K.Bhan 07.10.25
विजय कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सह नोडल पदाधिकारी, बांका सदस्य, क्रय समिति	राजेश कुमार सिंह सचिव जि. वि. से. प्रा., बांका सदस्य, क्रय समिति	शैलेन्द्र कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बांका सदस्य, क्रय समिति	अभिषेक कुमार भान जि. एवं अ. स. न्यायाधीश- प्रथम, बांका अध्यक्ष, क्रय समिति